# हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा

## वार्षिक प्रतिवेदन 2020–21

### अकादमिक उपलब्धियाँ 2020–21

सत्र 2020–21 में महाविद्यालय में कुल 1872 छात्राओं ने प्रवेश लिया व परीक्षा 2020 में 99 प्रतिशत परिणाम रहा। कोरोना महामारी के चलते, विश्वविद्यालय द्वारा नवीन परीक्षा प्रणाली जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न को सम्मिलित किया गया जिसमें छात्राओं ने सफलता पाई। इस वर्ष ऑनलाईन क्लासेज संचालित की गई जिसमें महाविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर 805 विडियो व 735 पीडीएफ नोट्स छात्राओं के वॉट्सअप ग्रुप पर शेयर किये गये व भविष्य में भी इनका उपयोग छात्राओं के लिये लाभदायी रहे, इसके लिए आयुक्तालय के निर्देशानुसार राजीव गांधी ई–कन्टेन्ट बैंक में रक्षित किये गये, जिसका लिंक महाविद्यालय व आयुक्तालय की वेब साइट पर उपलब्ध है। महाविद्यालय में अध्ययनरत एम.ए. फाईनल होम साइन्स में छात्रा जसु यादव ने विश्वविद्यालय में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी सत्र में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय ई संगोष्ठी आयोजित की गई जिसका विषय था – " भारत में महिला सशक्तिकरण : चुनौतियां एवं संभावनाए"। संगोष्ठी में 4 राज्यों के रिर्सोस पर्सनस एवं सम्पूर्ण देश से 52 प्रतिभागी ऑनलाइन प्लेटफार्म पर सहभागी रहे एवं महाविद्यालय की छात्राएँ भी सभागार में उपस्थित रही। महाविद्यालय एवं गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सारस्वत वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता श्रीमान् ओ.पी.पाण्डे, इसरो वैज्ञानिक द्वारा वेद एवं सृष्टि का रहस्य विषय पर अद्भुत व्याख्यान दिया गया। इसी वर्ष इस महाविद्यालय को वेद विद्यापीठ का अध्ययन केन्द्र भी बनाया गया व सांयकालीन 5 पाठ्यक्रमों की कक्षाऐं भी संचालित की गई है।

शिक्षक एवं शोध कार्य के महत्व को समझते हुए, महाविद्यालय के तीन संकाय सदस्यों ने भी गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा व मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में पी.एच.डी. उपाधि के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

सत्र 2020–21 में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में निम्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सत्र पर्यन्त कोरोना जागरूकता कार्यक्रम में दो पखवाड़े व अनेक व्याख्यानों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर के नजदीकी क्षेत्रों, बस्तियों, आदि में मास्क वितरण किया गया व स्वयंसेविकाओं द्वारा अपने आवासीयों क्षेत्रों में कोरोना एवं उसके बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय के परिसर में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सत्र के दौरान विभिन्न महापुरूषों की जयन्ती जिसमें गांधी–शास्त्री जयन्ती, सुभाषचन्द्र बोस जयन्ती, राणा पूंजा भील जयन्ती पर उनके जीवन पर रोशनी डालते हुए वर्तमान युवाओं को प्रेरित किया गया। कौमी एकता सप्ताह, युवा सप्ताह, राष्ट्रीय दिवसों को समारोह पूर्वक मनाया गया। एड्स दिवस, मानवाधिकार दिवस, महिला दिवस, साक्षरता दिवस, संविधान दिवस व मतदाता दिवस का भी आयोजन किया गया। विशेष उपलब्धि में इस वर्ष महाविद्यालय में गांधी कॉर्नर की स्थापना की गई जिसमें गांधीजी से जुड़ी विभिन्न पुस्तके व लेखों को छात्राओं के अवलोकन के लिए प्रस्तुत किया गया।

## आनंदम् योजना

हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय में "आनंदम्"की कार्य- योजना आयुक्तालय के निर्देशानुसार बनाई गई। सभी छात्राओं को विभिन्न प्रोफेसरों के ग्रुप से जोड़ा गया और उन्हें सामाजिक सरोकार के विभिन्न कार्यों को करने हेतु प्रेरणा देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपने अपने कार्य क्षेत्र का चयन कर विद्यार्थियों ने अपने मेंटर के माध्यम से वहां की मुख्य समस्याओं को पहचाना और उनके बारे में विचार-विमर्श कर समाधान का उपाय निकाला। कुछ ग्रुप-लीडरों ने अपने ग्रुप के सदस्यों के साथ झोपड़ियों में जाकर बच्चों को एकत्रित कर उन्हें पढ़ाने का कार्य किया तो कुछ ने उन्हें महामारी की स्थितियों में सरकार के विभिन्न दिशानिर्देशों का परिचय देकर उनका सख्ती से पालन करने हेतु प्रेरित किया। साक्षात संपर्क के माध्यम से और ऑनलाइन के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने मेंटर्स के सलाह पर कार्य किया। छात्राओं द्वारा प्रतिदिन डायरी में अपनी सराहनीय कार्यो का उल्लेख किया गया व समूह में प्रोजेक्ट वर्क में सामाजिक हित के कार्यो को किया गया।

## रेन्जरिंग

इस वर्ष रेन्जरिंग की 8 छात्राओं ने निपुण रेन्जर प्रशिक्षण में भाग लिया व कोरोना जागरूकता अभियान में विशेष सहयोग प्रदान किया।

## महिला अध्ययन प्रकोष्ठ

इस वर्ष छात्राओं के लिए आत्मरक्षा शिविर का आयोजन 7 दिनों के लिए किया गया जिसमें पुलिस विभाग की महिला प्रशिक्षण कर्ताओं द्वारा 135 छात्राओं को आत्मरक्षा के विशेष गुर दिये गए व अभ्यास कराया गया। इसके अतिरिक्त महिला विषयक, संवेदनशील मुद्दों पर परिचर्चा करवाई गई।

## सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति

कोरोना महामारी के कारण छात्राओं ने ऑनलाईन कार्यक्रमों में भाग लिया व जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भी प्रतिनिधिन्व किया। साहित्यिक गतिविधियों में कोरोना जागरूकता सम्बन्धी निबंध, पोस्टर ऑनलाईन शेयर किये गये। अंतर संकाय संवाद 8 नवम्बर 2020 को ''दीपावली सिर्फ दीपों वाली'' शीर्षक पर आयोजित किया गया। दिनांक 23.10.20 को 'त्यौहारों पर कोरोना के प्रभाव' पर परिचर्चा हुई। दिनांक 24.10.20 को ''कन्या पूजक संस्कृति में आई विकृति'' पर परिचर्चा का आयोजन हुआ।

## फैकल्टी डेवलपमेन्ट

शैक्षणिक उन्नयन के लिए महाविद्यालय के संकाय सदस्यों – डॉ. शिप्रा राठौड एवं डॉ. रक्षा निनामा द्वारा पुस्तक प्रकाशित की गई व अधिकांश सदस्यों द्वारा शोध पत्रों का प्रकाशन विभिन्न जर्नल में किया गया। महाविद्यालय के संकाय सदस्यो द्वारा कुल 24 ई–सेमिनार /वेबिनार में भाग लिया गया एवं शोध पत्र प्रेषित किये गये। फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के अर्न्तगत आयोजित ज्ञानगंगा योजना में कुल 12 कोर्सेस में संकाय सदस्यो द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

## भौतिक संसाधन विकास

महाविद्यालय की इस वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में नवीन वाटिका का निर्माण किया गया जिसमें पुराने जर्जर भवन को गिरवाकर महाविद्यालय में पौधारोपण व बागवानी कर सौंदर्यीकरण किया गया । छात्राओं के लिए नया आर.ओ. संयत्र भी लगाया गया।

## छात्रवृत्ति

विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों से 1000 से अधिक छात्राएं लाभान्वित हुईं। स्कूटी योजनाओं के जिला नोडल महाविद्यालय होने के नाते, कुल 14 छात्राओं को स्कूटी वितरण किया गया।

## अतिरिक्त दायित्व

सत्र 20–21 में राज्य सरकार द्वारा खोले गए नवीन महाविद्यालय में से एक महाविद्यालय – राजकीय महाविद्यालय, गांगड़तलाई का दायित्व भी नोडल महाविद्यालय के रूप में हमें दिया गया जिसकी समस्त गतिविधियाँ प्राचार्य एवं अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा सम्पन्न की जा रही है।

प्राचार्य<br>
हरिदेव जोशी राजकीय कन्या<br>
महाविद्यालय बाँसवाड़ा